भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 348 | बिजौलिया - शुक्रवार, 03 जुलाई 2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM


## सरकारी नौकरियों का रास्ता खुला, CET ग्रेजुएशन-2026 का नोटिफिकेशन जारी

### 4 जुलाई से भरेंगे आवेदन, अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को भी मौका; पटवारी, VDO, प्लाटून कमांडर समेत कई भर्तियों के लिए CET पास करना होगा अनिवार्य

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

प्रदेश के लाखों युवाओं के लिए सरकारी नौकरी की तैयारी को नई रफ्तार देने वाली खबर सामने आई है। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (RSSB) ने बहुप्रतीक्षित सामान्य पात्रता परीक्षा (CET) ग्रेजुएशन लेवल-2026 की अधिसूचना जारी कर दी है। इसके साथ ही राज्य की विभिन्न स्नातक स्तरीय सरकारी भर्तियों का रास्ता भी साफ हो गया है। अभ्यर्थी 4 जुलाई से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आवेदन प्रक्रिया एक माह तक जारी रहेगी। इस बार बोर्ड ने अंतिम वर्ष में अध्ययनरत और स्नातक का परिणाम प्रतीक्षारत अभ्यर्थियों को भी आवेदन की अनुमति देकर बड़ी राहत दी है।

बोर्ड अध्यक्ष आलोक राज ने बताया कि ष्टश्वञ्ज ग्रेजुएशन लेवल अब राज्य सरकार की अधिकांश स्नातक स्तरीय भर्तियों के लिए अनिवार्य पात्रता परीक्षा होगी। परीक्षा में सफल अभ्यर्थी भविष्य में जारी होने वाली भर्ती प्रक्रियाओं में आवेदन कर सकेंगे। इनमें पटवारी, ग्राम विकास अधिकारी (VDO), प्लाटून कमांडर, जूनियर लेखाकार, तहसील राजस्व लेखाकार, उप-जेलर, छात्रावास अधीक्षक ग्रेड-द्वितीय, महिला सशक्तिकरण विभाग एवं एकीकृत बाल विकास सेवा (ICDS) में पर्यवेक्षक सहित विभिन्न विभागों के कई महत्वपूर्ण पद शामिल हैं। संबंधित विभाग इन पदों के लिए अलग-अलग भर्ती विज्ञापन जारी करेंगे, लेकिन उनमें आवेदन के लिए CET उत्तीर्ण होना अनिवार्य रहेगा। बोर्ड ने इस बार उन अभ्यर्थियों को भी आवेदन का अवसर दिया है जो स्नातक के अंतिम वर्ष में अध्ययनरत हैं या जिनका परीक्षा परिणाम अभी घोषित नहीं हुआ है। हालांकि, संबंधित भर्ती प्रक्रिया के दौरान विभागीय सेवा नियमों के अनुसार निर्धारित शैक्षणिक योग्यता पूरी करना आवश्यक होगा। प्रत्येक भर्ती के लिए पात्रता, अनुभव एवं अन्य शर्तों का उल्लेख संबंधित भर्ती विज्ञापन में अलग से किया जाएगा।




CET के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष निर्धारित की गई है, जबकि 1 जनवरी 2027 को अधिकतम आयु 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तथा अन्य आरक्षित श्रेणियों के अभ्यर्थियों को राज्य सरकार के नियमानुसार आयु सीमा में छूट मिलेगी। आवेदन शुल्क वन टाइम रजिस्ट्रेशन (OTR) व्यवस्था के तहत सामान्य वर्ग एवं क्रीमी लेयर ओबीसी-एमबीसी अभ्यर्थियों के लिए 600 रुपए तथा नॉन-क्रीमी लेयर ओबीसी, एमबीसी, ईडब्ल्यूएस, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिए 400 रुपए निर्धारित किया गया है।

परीक्षा ऑफलाइन OMR आधारित होगी, जिसमें 150 बहुविकल्पीय प्रश्न 300 अंकों के पूछे जाएंगे। प्रश्नपत्र हल करने के लिए तीन घंटे का समय मिलेगा तथा प्रत्येक गलत उत्तर पर एक-तिहाई अंक की नेगेटिव मार्किंग लागू रहेगी। यह केवल पात्रता परीक्षा होगी। सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा, जबकि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग को न्यूनतम अंकों में 5 प्रतिशत की छूट मिलेगी। परीक्षा हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यमों में आयोजित की जाएगी।

आवेदन के लिए अभ्यर्थियों को स्स्ह आईडी के माध्यम से लॉगिन कर वन टाइम रजिस्ट्रेशन (OTR) पूरा करना होगा। इसके बाद निर्धारित शुल्क जमा कर CET Graduation Level-2026 के आवेदन फॉर्म में आवश्यक जानकारी भरनी होगी। सभी दस्तावेज, फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करने के बाद आवेदन का अंतिम सबमिशन किया जा सकेगा।

## 35 किलो अवैध डोडा चूरा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

### ट्रेवल्स बस में छिपाकर ले जाई जा रही थी नशे की खेप



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**पुनित चपलोत**

केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो भीलवाड़ा (CBN) ने नशे के सौदागरों पर कार्यवाही करते हुए भीलवाड़ा-जयपुर नेशनल हाईवे पर एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। नाकाबंदी के दौरान केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो की टीम ने एक ट्रेवल्स बस पर छापा मारकर 35 किलो 100 ग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा बरामद किया है। इस मामले में दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है, जो यात्रियों की आड़ में नशे की इस बड़ी खेप को ले जाने की फिराक में थे।

मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत, यह कार्रवाई जिला अफीम अधिकारी सुशील वर्मा के निर्देशन में की गई।

केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो की टीम ने भीलवाड़ा-जयपुर हाईवे पर सघन नाकाबंदी की। इसी दौरान एक संदिग्ध ट्रेवल्स बस को रुकवाकर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी में बस के अंदर 35.100 किलोग्राम अफीम डोडा चूरा बरामद हुआ। मादक पदार्थ मिलते ही टीम ने तुरंत घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को मौके से ही दबोच लिया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मुक्तसर (पंजाब) निवासी मनदीप सिंह तथा हनुमानगढ़ निवासी संदीप के रूप में हुई है

केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो ने जब्त मादक पदार्थ को अपने कब्जे में लेकर एनडीपीस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

फिलहाल टीम द्वारा दोनों से गहन पूछताछ की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि अफीम डोडा चूरा की यह खेप कहां से खरीदी गई थी और इसे कहा सप्लाई किया जाना था।

## सुलतान शाह बावड़ी के पास चला पीला पंजा, प्रशासन की बड़ी कार्रवाई से हटा वर्षों पुराना अतिक्रमण

### 200 जवानों की कड़ी सुरक्षा, निषेधाज्ञा के बीच जेसीबी गरजीय आधा दर्जन कथित मजारें और अस्थायी कब्जे हटाए गए

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचन्द पेसवानी**

शाहपुरा शहर में गुरुवार का दिन प्रशासनिक सख्ती, भारी सुरक्षा और बहुप्रतीक्षित कार्रवाई के नाम रहा। पुराने बस स्टैंड के पास स्थित सुलतान शाह की बावड़ी के पास में नगर पालिका शाहपुरा ने वर्षों से चले आ रहे विवादित अतिक्रमण पर आखिरकार बड़ा प्रहार करते हुए पीला पंजा चला दिया। सुबह से ही प्रशासनिक अमला पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतर गया और देखते ही देखते विवादित क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त करा लिया गया। इस पूरी कार्रवाई के दौरान शहर में तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रित माहौल बना रहा।


यह कार्रवाई केवल अतिक्रमण हटाने तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसे प्रशासन की कानून-व्यवस्था बनाए रखने की क्षमता और न्यायालय के आदेशों के प्रति प्रतिबद्धता के रूप में भी देखा जा रहा है। क्षेत्र में किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति न बने, इसके लिए प्रशासन ने पहले से ही कड़े बंदोबस्त कर रखे थे।

**निषेधाज्ञा लागू, पूरे शहर में हाई अलर्ट--**

कार्रवाई से पहले ही शाहपुरा उपखंड अधिकारी सुनील मीणा ने संभावित संवेदनशीलता को देखते हुए बीएनएस की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी। प्रशासन ने साफ संकेत दिया कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या कानून हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सुबह होते ही पूरे विवादित क्षेत्र की घेराबंदी कर दी गई। लोहे की बैरिकेडिंग लगाई गई और चप्पे-चप्पे पर पुलिस जवान तैनात कर दिए गए। पुराने बस स्टैंड से बावड़ी क्षेत्र तक हर आने-जाने वाले मार्ग पर पुलिस की पैनी नजर थी। स्थानीय लोगों के बीच कार्रवाई को लेकर उत्सुकता और चर्चा दोनों बनी रही।

**वर्षों पुराना था विवाद-**

सुलतान शाह की बावड़ी के आसपास की भूमि लंबे समय से विवाद का केंद्र बनी हुई थी। इस भूमि पर वक्फ कमेटी और नगर पालिका शाहपुरा के बीच स्वामित्व को लेकर कानूनी लड़ाई चल रही थी। वक्फ कमेटी ने लगभग एक बीघा 10 बिस्वा भूमि पर अपना दावा जताया था और इसे वक्फ संपत्ति बताया था।





मामला राजस्थान वक्फ ट्रायब्यूनल तक पहुंचा, जहां विस्तृत सुनवाई के बाद ट्रायब्यूनल ने बड़ा फैसला सुनाया। ट्रायब्यूनल ने वक्फ कमेटी के बड़े दावे को खारिज करते हुए केवल 9 गुणा 22 फीट भूमि पर ही उनका अधिकार स्वीकार किया। इसी आदेश के बाद नगर पालिका को विवादित भूमि पर कार्रवाई का रास्ता साफ मिला।

**नोटिस के बाद भी नहीं हटा कब्जा--**

नगर पालिका ने कार्रवाई से पहले सार्वजनिक नोटिस जारी कर संबंधित लोगों को स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। नोटिस के बाद कुछ सब्जी विक्रेताओं ने स्थिति की गंभीरता समझते हुए अपने अस्थायी ढांचे हटाने शुरू भी कर दिए थे। हालांकि विवादित हिस्से में कई अस्थायी निर्माण, केबिनें और कथित धार्मिक ढांचे अब भी मौजूद थे। प्रशासन ने अंतिम समय तक स्वैच्छिक हटाने का अवसर दिया, लेकिन जब पर्याप्त कार्रवाई नहीं हुई तो जेसीबी को मैदान में उतार दिया गया।

**वक्फ कमेटी ने मांगा समय, प्रशासन ने किया इंतजार--**

कार्रवाई शुरू होने के दौरान वक्फ कमेटी के सदर हमीद खान अपने अधिवक्ता ताज मोहम्मद के साथ मौके पर पहुंचे। दोनों ने प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता कर कहा कि वे संबंधित मजारों को सम्मानपूर्वक हटाने के लिए तैयार हैं, लेकिन इसके लिए कुछ समय दिया जाए। प्रशासन ने भी संवेदनशीलता दिखाते हुए सहयोगात्मक रवैया अपनाया और स्पष्ट कहा कि यदि हटाने की प्रक्रिया तत्काल शुरू कर दी जाए तो इंतजार किया जा सकता है। करीब एक घंटे तक प्रशासन ने संयम बनाए रखा और कार्रवाई रोके रखी। लेकिन निर्धारित समय में हटाने की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी। इसके बाद प्रशासन ने निर्णय लेते हुए जेसीबी मशीनों को आगे बढ़ाया।

**गरजा पीला पंजा, ध्वस्त हुए कच्चे निर्माण--**

कुछ ही क्षणों में जेसीबी मशीनों ने विवादित क्षेत्र में बने कच्चे निर्माणों को ध्वस्त करना शुरू कर दिया। कार्रवाई के दौरान आधा दर्जन कथित मजारों को हटाया गया। इसके अलावा शेष भूमि पर वर्षों से बनी अस्थायी सब्जी मंडी की केबिनों और अन्य कब्जों को भी ध्वस्त कर दिया गया। पीले पंजे की गर्जना के साथ वर्षों पुराना कब्जा धीरे-धीरे साफ होता गया। मौके पर मौजूद लोगों ने प्रशासनिक कार्रवाई को गंभीरता से देखा। कई लोग मोबाइल कैमरों में दृश्य कैद करते नजर आए।

**200 जवानों का जाब्ता, हर गतिविधि पर नजर--**

कार्रवाई की संवेदनशीलता को देखते हुए जिलेभर से भारी पुलिस बल बुलाया गया। करीब 200 पुलिस जवानों का जाब्ता तैनात किया गया ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति को तुरंत नियंत्रित किया जा सके। पुलिस जवान आस पास के मकानों की छतों पर भी तैनात रहे। कार्रवाई के दौरान एएसपी राजेश आर्य, डिप्टी ओमप्रकाश विश्नोई, थाना प्रभारी सुरेश शर्मा, नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी प्रकाश साहू, तहसीलदार भीवंराज परिहार सहित राजस्व, पुलिस और नगर पालिका के कई अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। पुलिस की रणनीति इतनी मजबूत थी कि किसी प्रकार का विरोध उग्र रूप नहीं ले सका। हर गतिविधि पर वरिष्ठ अधिकारियों की सीधी निगरानी बनी रही।

**प्रशासन बोला- कोर्ट आदेश की पालना हुई**

एएसपी राजेश आर्य ने कार्रवाई के बाद कहा कि पूरी कार्रवाई न्यायालय और वक्फ ट्रायब्यूनल के आदेशों की पालना में की गई है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा की मांग को देखते हुए जिले से अतिरिक्त पुलिस बल मंगवाया गया था। प्रशासन की प्राथमिकता शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना थी, और कार्रवाई पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। वहीं नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी प्रकाश साहू ने बताया कि ट्रायब्यूनल के आदेश के अनुसार 9 गुणा 22 फीट भूमि को यथावत छोड़ते हुए बाकी संपूर्ण भूमि को अतिक्रमण मुक्त करा लिया गया है।

**शहर में चर्चा का केंद्र बनी कार्रवाई--**

सुलतान शाह बावड़ी के पास में हुई यह कार्रवाई पूरे शाहपुरा शहर में चर्चा का मुख्य विषय बनी रही। लंबे समय से विवादों में घिरी भूमि पर प्रशासन की निर्णायक कार्रवाई ने साफ संदेश दिया कि न्यायालय के आदेशों की पालना हर हाल में होगी और सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नगरवासियों के बीच इस बात को लेकर चर्चा रही कि वर्षों से अटके इस मामले में आखिरकार प्रशासन ने निर्णायक कदम उठाया। अब सभी की निगाहें इस पर हैं कि अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि का आगे किस प्रकार उपयोग किया जाएगा। गुरुवार की यह कार्रवाई शाहपुरा प्रशासन के लिए एक बड़ी परीक्षा थी और प्रशासन ने इसे सख्ती, रणनीति और संयम के साथ सफलतापूर्वक पूरा कर दिया।

## पोक्सो कोर्ट 1 का फैसला: घर में घुसकर नाबालिग से छेड़छाड़,अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देने का आरोपी 3 साल के कठोर कारावास और अर्थदंड से दंडित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनित चपलोत**



आसींद क्षेत्र में घर में घुसकर नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ करने और अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देने के मामले में पोक्सो कोर्ट संख्या 1 ने आरोपी का दोषी ठहराते हुए तीन वर्ष के कठोर कारावास और 12 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया । मामले के अनुसार, 16 अगस्त 2024 को पीड़िता के पिता ने आसींद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि वह और उनकी पत्नी मजदूरी पर गए हुए थे, जबकि उनकी नाबालिग पुत्री घर पर अकेली थी। इसी दौरान आरोपी आसिफ मोहम्मद शेख घर में घुस आया और बालिका के साथ छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने जातिसूचक टिप्पणी करते हुए कथित अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी दी। बालिका के शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया।

रिपोर्ट के आधार पर आसींद थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान किया, आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान पेश किया।

सुनवाई के दौरान विशिष्ट लोक अभियोजक धर्मवीर सिंह कानावत ने न्यायालय में 9 गवाहों के बयान और 14 दस्तावेज पेश किए। साक्ष्यों के आधार पर आरोप सिद्ध होने पर पोक्सो कोर्ट संख्या-1 की न्यायाधीश रेखा वधवा ने आरोपी आसिफ मो0 शेख को 3 वर्ष के कठोर कारावास एवं 12 हजार के अर्थदंड से दण्डित किया ।


'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# चेक अनादरण प्रकरण में पूर्व सरपंच की अपील खारिज, एक वर्ष के कारावास व 16 लाख रुपये क्षतिपूर्ति का आदेश बरकरार

**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।**

चेक अनादरण के एक महत्वपूर्ण प्रकरण में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनीता टेलर ने अभियुक्त की अपील खारिज करते हुए निचली अदालत द्वारा पारित निर्णय को यथावत रखा।

प्रकरण के अनुसार, सालेरा निवासी नारायण पुत्र भैरा जाट ने गिरड़िया निवासी एवं पूर्व सरपंच प्रकाश चौधरी पुत्र चंपालाल जाट के विरुद्ध चेक अनादरण का परिवाद न्यायालय में प्रस्तुत किया था। निचली अदालत द्वारा अभियुक्त को धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम के तहत दोषी ठहराते हुए एक वर्ष के साधारण कारावास तथा परिवादी को 16 लाख रुपये क्षतिपूर्ति राशि अदा करने का आदेश दिया गया था।

इस निर्णय के विरुद्ध अभियुक्त प्रकाश चौधरी ने अपर जिला एवं सत्र न्यायालय में अपील प्रस्तुत की। अपील की सुनवाई के दौरान परिवादी की ओर से अधिवक्ता विद्यापुरी गोस्वामी ने प्रभावी पैरवी की। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने एवं अभिलेखों का अवलोकन करने के पश्चात अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनीता टेलर ने अभियुक्त की अपील निरस्त करते हुए निचली अदालत द्वारा सुनाई गई एक वर्ष के साधारण कारावास एवं 16 लाख रुपये क्षतिपूर्ति संबंधी सजा एवं आदेश को यथावत बनाए रखा।

# ग्रामीण सेवा शिविर में मौके पर मिला योजनाओं का लाभ, 18 परिवारों को मिले पुश्तैनी पट्टे

## गोपालपुरा में वीबी-जी राम-जी योजना का शुभारंभ, कई विभागों ने किए त्वरित निस्तारण

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

ग्राम पंचायत गोपालपुरा में गुरुवार को आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर ग्रामीणों के लिए राहतभरा साबित हुआ। राज्य सरकार के ग्रामीण सेवा शिविर अभियान के तहत आयोजित इस शिविर में विभिन्न विभागों ने एक ही छत के नीचे आमजन की समस्याओं का समाधान करते हुए कई योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को मौके पर ही उपलब्ध कराया।

शिविर के दौरान उपखंड अधिकारी स्वाति झा एवं शिविर प्रभारी आशीष शर्मा की उपस्थिति में वीबी-जी राम-जी (विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका मिशन- ग्रामीण) योजना का शुभारंभ किया गया।




शिविर में राजस्व विभाग ने 18 पात्र परिवारों को पुश्तैनी पट्टे जारी किए, जबकि 5 नामांतरण प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर संबंधित पक्षों को राहत प्रदान की गई।

इसके अलावा विभिन्न विभागों की ओर से 6 व्यक्तिगत शौचालयों की स्वीकृति जारी की गई तथा 6 आयुष्मान कार्ड बनाकर लाभार्थियों को स्वास्थ्य सुरक्षा योजनाओं से जोड़ा गया।

शिविर में मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा, सहायक विकास अधिकारी रामेश्वर बेरवा, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# चीड़खेड़ा में VB GRAm G अभियान का शुभारंभ, श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश



**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर**

ग्राम पंचायत चीड़खेड़ा में गुरुवार को VB GRAm G (विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका मिशन-ग्रामीण) अभियान का शुभारंभ जनभागीदारी के साथ किया गया। अभियान की शुरुआत प्रशासक एवं सरपंच प्रतिनिधि रतनलाल गुर्जर ने स्वयं श्रमदान कर की। उन्होंने ग्रामीणों के साथ सफाई अभियान चलाकर स्वच्छ एवं सुंदर गांव बनाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पंचायत कार्मिकों, युवाओं एवं ग्रामीणों ने भी श्रमदान कर अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई। इस दौरान स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण तथा जनसहभागिता के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

सरपंच प्रतिनिधि रतनलाल गुर्जर ने कहा कि गांव के समग्र विकास में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों से स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने में सहयोग करने का आह्वान किया।

# भवानी शंकर शर्मा गुर्जर गौड ब्राह्मण महासभा शिक्षा प्रकोष्ठ के सचिव, रमेश गुरुजी संयोजक व शांतिलाल जोशी सदस्य मनोनीत

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

अखिल भारतवर्षीय श्री गुर्जरगौड़ ब्राह्मण महासभा ने संगठन के शिक्षा प्रकोष्ठ का विस्तार करते हुए बिजौलिया के तीन समाजजनों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी हैं। महासभा ने भवानी शंकर शर्मा को शिक्षा प्रकोष्ठ का सचिव, रमेश गुरुजी को संयोजक तथा शांतिलाल जोशी को सदस्य मनोनीत किया है।


भवानी शंकर शर्मा


रमेश गुरुजी


शांति लाल जोशी

महासभा के अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने मनोनयन की घोषणा करते हुए कहा कि तीनों पदाधिकारी संगठन की शैक्षणिक एवं सामाजिक गतिविधियों को नई गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि नवमनोनीत पदाधिकारी कार्यकारिणी के साथ समन्वय बनाकर समाजहित में सक्रियता से कार्य करेंगे तथा शिक्षा के क्षेत्र में महासभा के उद्देश्यों को आगे बढ़ाएंगे।

मनोनयन के बाद तीनों पदाधिकारियों ने संगठन नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए सौंपे गए दायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का विश्वास दिलाया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने खुशी जताते हुए सभी नवमनोनीत पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# सवाईपुर क्षेत्र में लगातार पांच घंटे चला बारिश का दौर, फसलों को मिला नया जीवन दान, अन्नदाता के चहरे खिले



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**


**( सांवर वैष्णव ):-** कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में गुरुवार अल सुबह से शुरू हुई बरसात का दौर लगातार पांच घंटे तक चला, इस बरसात ने फसलों को नया जीवन दिया । ग्रामीण क्षेत्रों में गुरुवार अल सुबह करीब 3 बजे से झमाझम बरसात का दौर शुरू हुआ जो कभी तेज तो कभी मध्यम गति से 4:30 बजे तक चला, वही इस दौरान आकाशीय बिजली की चमक के साथ ही तेज मेघ गर्जना और बारिश का दौर चला । सुबह 8 बजे तक भी लगातार कभी मध्य तो कभी रिमझिम बारिश चलती रही, इस दौरान 15 एमएम बारिश दर्ज की गई । इस बरसात से मक्का, कपास सहित अन्य फसलों को नया जीवनदान मिल गया, जिससे किसानों के चेहरे खुशी से झलक उठे, क्योंकि क्षेत्र में विगत कुछ दिनों से बरसात का दौर थमा हुआ था । सुबह तक लगातार बारिश के होने से स्कूल जाने वाली विद्यार्थी बारिश में भीगते हुए स्कूल जाते दिखाई दिए ।।

# खेत की चारदीवारी तोड़ी, सिंचाई उपकरणों में की तोड़फोड़; किसान ने लगाई कार्रवाई की गुहार

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**

उपखंड क्षेत्र के स्वरूपपुरा गांव में खेती की जमीन को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। एक किसान ने आरोप लगाया है कि गांव के कुछ लोगों ने उसके खेत में घुसकर पक्की चारदीवारी तोड़ दी, सिंचाई के संसाधनों में तोड़फोड़ की और फलदार पौधों को नष्ट कर दिया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी भी दी गई। मामले में पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने के बावजूद कार्रवाई नहीं होने पर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक एवं मांडलगढ़ पुलिस उपाधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है।





पीड़ित किसान हंसराज मीणा, निवासी जेतपुर की झोपड़िया (हाल निवासी स्वरूपपुरा), ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि गांव के कुछ लोग एकजुट होकर उसके खेत पर पहुंचे और जबरन खेत की पक्की चारदीवारी ध्वस्त कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने सिंचाई के लिए लगाए गए उपकरणों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया तथा खेत में लगे फलदार पौधों को उखाड़कर नष्ट कर दिया।

किसान का कहना है कि विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। घटना से उसे भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

पीड़ित ने मांडलगढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई एवं नुकसान की भरपाई की मांग की है। साथ ही पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा और पुलिस उपाधीक्षक मांडलगढ़ को भी परिवाद देकर मामले में शीघ्र न्याय दिलाने की अपील की है। इधर, पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। घटनास्थल का निरीक्षण कर तथ्यों के अनुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# होडा चौराहे पर ट्रक की टक्कर से सरकारी शिक्षक व युवती की मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़।**

चित्तौड़गढ़-उदयपुर नेशनल हाईवे पर गुरुवार शाम भदेसर थाना क्षेत्र के होडा चौराहे के पास हुए सड़क हादसे में बाइक सवार सरकारी शिक्षक और एक युवती की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब बाइक चालक ने अचानक यू-टर्न लेकर चित्तौड़गढ़ की ओर लौटने का प्रयास किया और पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गया।

पुलिस के अनुसार, बारां निवासी सुरेश मीणा और छतरगंज (बारां) निवासी रवीना बाइक से उदयपुर की ओर जा रहे थे। होडा चौराहे पर अचानक बाइक मोड़ने के दौरान पीछे से आ रहे ट्रक से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों सड़क पर गिर पड़े और सिर में गंभीर चोट लगने से घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई।

सूचना मिलते ही भदेसर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। 108 एंबुलेंस के ईएमटी जितेंद्र कुमार शर्मा और पायलट विष्णु धाकड़ दोनों घायलों को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद कुछ समय के लिए हाईवे पर यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने भीड़ हटाकर यातायात सुचारु कराया तथा दोनों शवों को जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाकर परिजनों को सूचना दी।

# मानवता शर्मसार: सड़क हादसे में मृत युवक की लाश से मोबाइल व नकदी चोरी

**भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़**

जिले के गंगरार के पास 'गुरु जी की होटल' के सामने बीती रात करीब 3 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहाँ एक ट्रॉला और जोधपुर-इंदौर बस के बीच हुई दर्दनाक टक्कर में मऊ (इंदौर) निवासी विनीत गोडर वाल्मीकि की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद पहचान के अभाव में मृतक का शव करीब 10 घंटे तक मोर्चरी में लावारिस पड़ा रहा। इसी बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने मानवता को शर्मसार करते हुए दुर्घटना का फायदा उठाया और मृतक की जेब से मोबाइल, नकदी और उसका आईडी कार्ड तक चुरा लिया। चोरी के बाद आरोपी ने मोबाइल भी स्विच ऑफ कर दिया, जिससे परिजनों का संपर्क नहीं हो सका। सुबह से ही मृतक की बहन अपने भाई को लगातार फोन लगा रही थी, लेकिन मोबाइल बंद आने के कारण परिजन चिंतित थे। करीब 10 घंटे बाद जब परिजनों ने ट्रेवल्स एजेंसी से संपर्क किया, तब जाकर उन्हें इस भीषण हादसे की जानकारी मिली। इसके बाद आनन-फानन में गंगरार पहुँची बहन ने मोर्चरी में रखे अपने भाई के शव की शिनाख्त की।

इस अमानवीय कृत्य और चोरी की घटना से समाज में भारी आक्रोश फैल गया। वाल्मीकि समाज के प्रमुख समाजसेवी छीतर मल गेंगट, श्यामलाल बी. गारु और संपत लाल गांवरी ने तुरंत गंगरार थाने पहुँचकर इस संबंध में अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर उसे परिजनों के सुपुर्द कर मऊ (इंदौर) के लिए रवाना कर दिया है। समाजसेवी छीतर मल गेंगट ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि, 'किसी मृत व्यक्ति की लाश से सामान चोरी करना घोर पाप और मानवता पर कलंक है।' उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य माध्यमों से आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर कड़ी सजा दिलाई जाए। साथ ही, हाईवे पर रात्रि गश्त को और अधिक मजबूत किया जाए ताकि भविष्य में किसी लावारिस या दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति के साथ ऐसी घिनौनी वारदात न हो।




# एचआरआरएल रिफाइनरी लोकार्पण का लाइव प्रसारण 4 जुलाई को टाउन हॉल में

## जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कीं, अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

बालोतरा जिले के पचपदरा स्थित राजस्थान एचआरआरएल रिफाइनरी के लोकार्पण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण 4 जुलाई को जिला मुख्यालय सहित पंचायत समितियों, ग्राम पंचायतों एवं स्थानीय निकायों में किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पचपदरा से रिफाइनरी का लोकार्पण करेंगे।

जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार भीलवाड़ा नगर निगम टाउन हॉल में सुबह 10 बजे से लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम के सफल एवं सुचारु संचालन के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद को नोडल अधिकारी तथा मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं संयुक्त निदेशक, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।



QUICK BITES

## आकोला तक पीएम ई-बस सेवा शुरू करने की मांग, ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों से लगाई गुहार

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

**(जसवंत पारीक)**। ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर एवं सुलभ परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई प्रधानमंत्री ई-बस सेवा का विस्तार आकोला तक किए जाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने सांसद, विधायक एवं प्रशासन से आकोला को भी ई-बस सेवा से जोड़ने की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान में क्षेत्र के लिए सुबह केवल एक रोडवेज बस संचालित होती है, जो सिंगोली-चारभुजा मार्ग से होकर आती है। यह बस पहले से ही यात्रियों से खचाखच भरी होती है, जिससे आकोला से एक भी यात्री उसमें सवार नहीं हो पाता। सबसे अधिक परेशानी महिलाओं, विद्यार्थियों और भीलवाड़ा आने-जाने वाले मजदूरों को उठानी पड़ रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि नियमित और पर्याप्त बस सेवा नहीं होने के कारण लोगों को मजबूरी में निजी एवं अवैध वाहनों से सफर करना पड़ता है, जिससे आर्थिक बोझ के साथ-साथ दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है।

ग्रामीणों ने भीलवाड़ा सांसद, क्षेत्रीय विधायक एवं संबंधित अधिकारियों से प्रधानमंत्री ई-बस सेवा का विस्तार आकोला तक करने की मांग करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र के हजारों लोगों को सुरक्षित, सस्ती और सुविधाजनक परिवहन सुविधा मिल सकेगी।

## भगवान लक्ष्मीनाथ मंदिर में 15 किलो का वीर घंटा चढ़ाया, वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ धार्मिक आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**




**(जसवंत पारीक)**। कस्बे के भगवान लक्ष्मीनाथ मंदिर में गुरुवार को दरगड़ परिवार की ओर से श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ 15 किलो वजनी वीर घंटा अर्पित किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए तथा भगवान की विशेष पूजा-अर्चना की गई।

समाजसेवी राधेश्याम दरगड़ ने बताया कि भगवान लक्ष्मीनाथ मंदिर में वीर घंटा चढ़ाने के बाद महाआरती की गई और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर मंदिर परिसर में दर्शन-पूजन किया।

इस अवसर पर पंडित कृष्ण गोपाल आचार्य, केदारमल दरगड़, शिवनारायण काबरा, सुभाषचंद्र असावा, कृष्ण गोपाल तोतला, चांदमल डाड, पवन श्रोत्रिय, अक्षत दरगड़, मंदिर के पुजारी प्रकाश पाराशर, सूरज बांगड़ सहित महिला मंडल की सदस्य एवं अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## गोपाल सिंह कानावत बने श्री अखिल रावणा राजपूत सेवा संस्थान के जिला संरक्षक

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



श्री अखिल रावणा राजपूत सेवा संस्थान की जिला कार्यकारिणी के विस्तार के तहत कोठाज सरपंच गोपाल सिंह कानावत को संस्थान के जिला संरक्षक मंडल में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति प्रदेशाध्यक्ष रणजीत सिंह सोडाला की सहमति एवं जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह गुड़ा के निर्देशन में की गई।

संस्थान ने बताया कि गोपाल सिंह कानावत लंबे समय से सामाजिक, धार्मिक एवं जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। समाज के प्रति उनके समर्पण, संगठनात्मक क्षमता एवं सक्रिय कार्यशैली को देखते हुए उन्हें जिला संरक्षक मंडल में शामिल किया गया है। संगठन ने विश्वास जताया कि उनके अनुभव और मार्गदर्शन से समाजहित के कार्यों को नई दिशा और मजबूती मिलेगी।

## स्कूटी योजना की संशोधित अस्थायी वरीयता सूची जारी, 6 जुलाई तक दर्ज करा सकेंगी आपत्तियां

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर ने कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी वितरण योजना (10वीं एवं 12वीं उत्तीर्ण) तथा देवनारायण स्कूटी वितरण एवं प्रोत्साहन राशि योजना सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन करने वाली छात्राओं की संशोधित अस्थायी वरीयता सूची जारी कर दी है। छात्राएं विभागीय वेबसाइट पर सूची का अवलोकन कर सकती हैं।

महाविद्यालय प्राचार्य एवं स्कूटी योजना नोडल अधिकारी डॉ. सावन कुमार जांगिड़ ने बताया कि छात्राएं सूची में दर्ज नाम, पिता/पति का नाम, जन्मतिथि, जाति, श्रेणी, मोबाइल नंबर, बैंक खाता सहित जनआधार संबंधी सभी विवरणों का सावधानीपूर्वक मिलान करें। यदि किसी प्रकार की त्रुटि हो तो ई-मित्र के माध्यम से जनआधार अपडेट करवाकर छात्रवृत्ति आवेदन पत्र में ऑनलाइन प्रोफाइल संशोधित करें। जनआधार से संबंधित संशोधन महाविद्यालय स्तर पर स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि यदि कक्षा 12वीं के प्राप्तांक, प्रतिशत, संकाय (कला, विज्ञान, वाणिज्य), विद्यालय के प्रकार (राजकीय या निजी) अथवा बोर्ड संबंधी विवरण में कोई आपत्ति हो तो छात्राएं निर्धारित प्रारूप में संबंधित महाविद्यालय में 6 जुलाई शाम 5 बजे तक लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकती हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाली आपत्तियों या संशोधन पर विचार नहीं किया जाएगा।

### वीबी-जी राम-जी मिशन का जिला स्तरीय शुभारंभ, विधायक खंडेलवाल व कलेक्टर संधू ने किया पौधरोपण

# 'हमारा गांव-हमारी योजना' के संकल्प के साथ ग्रामीण रोजगार व आजीविका को मिलेगी नई दिशा

**भीलवाड़ा फोकस @ महुआ ।**




ग्राम में गुरुवार को वीबी-जी राम-जी (विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका मिशन-ग्रामीण) के जिला स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल तथा जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जसमीत सिंह संधू ने भाग लिया। इस दौरान दोनों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गोपाल खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में संचालित यह मिशन ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि 'हमारा गांव, हमारी योजना-हमारा विकास' की भावना के अनुरूप यह अभियान जनभागीदारी, रोजगार सृजन, आजीविका संवर्धन और आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति देगा। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जसमीत सिंह संधू, एडीएम प्रतिभा देवठिया, उपखंड अधिकारी स्वाति झा, महुआ मंडल अध्यक्ष बृजमोहन शर्मा, मांडलगढ़ ग्रामीण मंडल अध्यक्ष श्यामलाल अहीर, महुआ प्रशासक कमला देवी खटीक, मुकुंदपुरिया प्रशासक हरजी रेबारी, मोटरों का खेड़ा प्रशासक मूलचंद रेबारी, श्रीनगर प्रशासक रामलाल भील, मंडल मंत्री चंदा देवी प्रजापत, बूथ अध्यक्ष सुरेश नाथ योगी सहित जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी, भाजपा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# ग्रामीण सेवा शिविरों से बदली गांवों की स्वास्थ्य तस्वीर, 34 हजार से अधिक लोगों को मिला उपचार

### 201 शिविरों में एनसीडी स्क्रीनिंग, टीबी मुक्त भारत अभियान और आयुष्मान योजना पर विशेष फोकस, 4,090 लोगों को मिले आयुष्मान कार्ड

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



जिला प्रशासन एवं चिकित्सा विभाग के संयुक्त प्रयासों से जिलेभर में आयोजित किए जा रहे ग्रामीण सेवा शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की नई उम्मीद बनकर उभरे हैं। इन शिविरों के माध्यम से दूर-दराज के गांवों में रहने वाले लोगों को एक ही स्थान पर जांच, उपचार, दवाइयां, स्वास्थ्य परामर्श और विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है। अब तक आयोजित 201 ग्रामीण सेवा शिविरों में 34 हजार से अधिक ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर उपचारित किया जा चुका है। शिविरों में विशेष रूप से टीबी मुक्त भारत अभियान, गैर संचारी रोग (एनसीडी) स्क्रीनिंग, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं तथा प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) पर विशेष फोकस रखा गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन एवं चिकित्सा विभाग द्वारा संचालित ग्रामीण सेवा शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने, गंभीर बीमारियों की समय पर पहचान सुनिश्चित करने तथा आमजन को विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं का अधिकतम लाभ उपलब्ध कराने की दिशा में शिविरों में विशेषज्ञ चिकित्सकों, नर्सिंग अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा जांच, उपचार, परामर्श तथा आवश्यक दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। ग्रामीण सेवा शिविरों में 30 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों की गैर संचारी रोग (एनसीडी) के अंतर्गत ब्लड प्रेशर एवं मधुमेह (शुगर) की नियमित जांच की जा रही है। अब तक 12,199 पुरुष एवं 9,311 महिलाओं सहित कुल 21,410 लोगों की एनसीडी स्क्रीनिंग की गई। जांच के दौरान संभावित रोगियों की पहचान कर उन्हें आवश्यक उपचार, परामर्श तथा नियमित फॉलोअप के लिए चिकित्सा संस्थानों से जोड़ा गया। ग्रामीण सेवा शिविरों में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) के तहत पात्र हितग्राहियों को योजना से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान 2,658 महिला एवं पुरुषों की ई-केवाईसी की गई, जबकि 4,090 लाभार्थियों को आयुष्मान भारत-पीएमजेएवाई कार्ड वितरित किए गए, जिससे वे आवश्यकता पड़ने पर निःशुल्क उपचार का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

**34 हजार से अधिक ग्रामीणों को मिला उपचार**

शिविरों के माध्यम से अब तक 19,252 पुरुष एवं 15,088 महिलाओं सहित कुल 34,340 ग्रामीणों को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्रदान कर उपचारित किया गया। ग्रामीणों को सामान्य स्वास्थ्य जांच, रोगों का उपचार, दवाइयों का वितरण, स्वास्थ्य परामर्श तथा आवश्यकतानुसार उच्च संस्थानों के लिए रेफरल सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं।

**टीबी मुक्त भारत अभियान को मिली नई गति**

ग्रामीण सेवा शिविरों के माध्यम से टीबी मुक्त भारत अभियान को भी प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है। अब तक 12,382 महिला एवं पुरुषों की टीबी स्क्रीनिंग कर संभावित रोगियों की पहचान की गई। वहीं शिविरों के दौरान 245 निक्षय मित्र बनाए गए, जिन्होंने टीबी रोगियों को पोषण सहायता उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त 263 टीबी मरीजों को निक्षय पोषण किट एवं पोषण सामग्री वितरित कर उपचार के साथ-साथ पोषण सहयोग भी उपलब्ध कराया गया।

# भीलवाड़ा डेयरी में मनाया गया एआई एवं टेक्नोलॉजी दिवस

### सहकार सप्ताह के तहत किसानों को डिजिटल बैंकिंग, माइक्रो एटीएम और सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के गठन के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सहकार सप्ताह के तहत गुरुवार को भीलवाड़ा डेयरी परिसर में एआई एवं टेक्नोलॉजी दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आधुनिक तकनीक के माध्यम से किसानों एवं दुग्ध उत्पादकों को सशक्त बनाने तथा डिजिटल सेवाओं से जोड़ने पर जोर दिया गया।

भीलवाड़ा जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड के प्रबंध संचालक त्रिभुवन पाटीदार ने बताया कि सहकारिता मंत्रालय के निर्देशानुसार 29 जून से 6 जुलाई तक देशभर में विभिन्न विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में भीलवाड़ा डेयरी में एआई एवं टेक्नोलॉजी दिवस आयोजित कर किसानों को आधुनिक तकनीक और डिजिटल सेवाओं की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि बदलते समय में तकनीक सहकारिता क्षेत्र का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है और इसके माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने के साथ सेवाओं को अधिक सरल, पारदर्शी और प्रभावी बनाया जा सकता है।

कार्यक्रम के दौरान सहकारी बैंक की विभिन्न योजनाओं एवं डिजिटल बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी भी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि दुग्ध उत्पादकों और समितियों के खाते सहकारी बैंक में खोले जा रहे हैं, ताकि किसानों को बैंकिंग सेवाओं का लाभ आसानी से मिल सके।




साथ ही माइक्रो एटीएम, ऑनलाइन बैंकिंग, डिजिटल भुगतान प्रणाली और विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी देकर किसानों को जागरूक किया गया।

वक्ताओं ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और आधुनिक तकनीक का उपयोग दुग्ध उत्पादन, पशुपालन प्रबंधन, डेटा विश्लेषण एवं वित्तीय सेवाओं में नई संभावनाएं पैदा कर रहा है। इसके माध्यम से किसानों को समय पर जानकारी, पारदर्शी भुगतान और बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकती हैं।

कार्यक्रम में सहकारी बैंक के मैनेजर आशुतोष मेहता, डेयरी के विभिन्न विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने तकनीक आधारित नवाचारों को अपनाकर सहकारिता को और अधिक सशक्त बनाने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का संकल्प लिया।

# तीन दिवसीय आधार शिविर शुरू, पहले दिन उमड़ी भीड़

### नामांकन, संशोधन और बायोमेट्रिक अपडेट सहित विभिन्न सेवाएं उपलब्ध

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

कोली समाज विकास ट्रस्ट एवं भारतीय डाक विभाग के संयुक्त तत्वावधान में वीरांगना झलकारी बाई सभागार, कोली मोहल्ला में आयोजित तीन दिवसीय आधार कार्ड नामांकन, संशोधन एवं नवीनीकरण शिविर का गुरुवार को शुभारंभ हुआ। शिविर के पहले ही दिन बड़ी संख्या में लोगों ने आधार संबंधी सेवाओं का लाभ उठाया।

ट्रस्ट के सचिव मुरलीधर लोरवाडिया ने बताया कि शुभारंभ अवसर पर आधार सेवा केंद्र के कर्मचारियों का केसरिया दुपट्टा पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इसके बाद आधार कार्ड से संबंधित सेवाएं शुरू की गईं।



शिविर में नए आधार कार्ड का नामांकन, नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर एवं बायोमेट्रिक अपडेट सहित अन्य संशोधन निर्धारित शुल्क पर किए जा रहे हैं। पहले दिन क्षेत्र के सैकड़ों नागरिकों ने विभिन्न सेवाओं का लाभ लिया।

लोरवाडिया ने बताया कि शिविर 4 जुलाई तक प्रतिदिन शाम 4 बजे तक संचालित रहेगा। उन्होंने नागरिकों से आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में पहुंचकर आधार संबंधी सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन एवं भारतीय डाक विभाग के सहयोग से आयोजित इस शिविर का उद्देश्य आमजन को स्थानीय स्तर पर ही आधार संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें अन्य केंद्रों के चक्कर नहीं लगाने पड़ें।

# आलोली में ग्रामीण सेवा शिविर: पट्टा वितरण से लेकर किसान पंजीकरण तक हुए कई कार्य

**भीलवाड़ा फोकस @सावर**

**दिलखुश**
ग्राम पंचायत आलोली में जनकल्याण शिविर के अंतर्गत ग्रामीण सेवा शिविर-2026 का आयोजन किया गया। शिविर में कार्यवाहक उपखंड अधिकारी भगवती प्रसाद वैष्णव, मुख्यमंत्री कार्यालय प्रतिनिधि अंतिमा कुमारी, सहायक विकास अधिकारी चिरंजी लाल वर्मा, सत्यनारायण बेरवा, स्वच्छ भारत मिशन ब्लॉक कोऑर्डिनेटर प्रियंक दाधीच, प्रशासक अनोप देवी, बिरदीचंद कुमावत, उपखंड कार्यालय कार्मिक विनोद सैन, ग्राम विकास अधिकारी मोहनलाल कुमावत, कनिष्ठ सहायक आशा मीणा, गौरव शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना तथा पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाना है। शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लेकर विभिन्न विभागों की सेवाओं का लाभ उठाया।
शिविर में कुल 22 विभागों ने भाग लिया और अपनी-अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी। इस दौरान 5 पट्टों का वितरण, स्वच्छ भारत मिशन के तहत 5 व्यक्तिगत शौचालय स्वीकृत, प्रधानमंत्री आवास योजना के 3 लाभार्थियों को तृतीय किस्त का हस्तांतरण, 8 पेंशन सत्यापन, 22 जन आधार संशोधन, तथा प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत 2 नए बैंक खाते खोले गए।
इसके अलावा महिला अधिकारिता विभाग द्वारा कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम, मंगला पशु बीमा योजना की 37 पॉलिसियां, कृषि विभाग द्वारा 35 किसानों को मूंग मिनी किट एवं 15 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए। चिकित्सा विभाग ने 103 मरीजों तथा आयुर्वेद विभाग ने 80 मरीजों का उपचार एवं परामर्श दिया।
शिविर में विद्युत विभाग को 1 नए बिजली कनेक्शन का आवेदन, परिवहन विभाग द्वारा 11 स्मार्ट कार्ड पंजीकरण, राजस्व खातों का 12 मामलों में शुद्धिकरण, 5 आपसी सहमति एवं बंटवारा प्रकरण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के 42 पंजीकरण, 17 नामांतरण प्रकरण, 5 सीमा ज्ञान पत्थरगढ़ी प्रकरण तथा 20 जाति एवं मूल निवास प्रमाण पत्र सहित विभिन्न जनहित के कार्यों का मौके पर ही निष्पादन किया गया।

# पंचायत राज मंत्रालयिक कर्मचारियों की बैठक, 6-7 जुलाई को सामूहिक अवकाश का निर्णय

## ब्लॉक कार्यकारिणी का पुनर्गठन, जल समर्पण कार्यक्रम में भागीदारी पर बनी सहमति

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

**(दिलखुश)** । पंचायत समिति सावर में गुरुवार को पंचायत राज मंत्रालयिक कर्मचारी संगठन (पंजीकृत) राजस्थान की ब्लॉक स्तरीय बैठक ब्लॉक अध्यक्ष रमेशचंद्र खारोल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में स्वाभिमान पदयात्रा आंदोलन, संगठनात्मक गतिविधियों, कर्मचारियों की समस्याओं तथा ब्लॉक कार्यकारिणी के पुनर्गठन सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।
बैठक में निर्णय लिया गया कि 6 एवं 7 जुलाई को स्वाभिमान पदयात्रा आंदोलन के समर्थन में सभी मंत्रालयिक कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। साथ ही 7 जुलाई को जयपुर के जल महल पर आयोजित जल समर्पण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाग लेने का निर्णय लिया गया। इस संबंध में विकास अधिकारी, पंचायत समिति सावर को ज्ञापन सौंपकर अवकाश स्वीकृत करने एवं कार्यक्रम में शामिल होने की अनुमति देने की मांग की गई।



बैठक के दौरान ब्लॉक कार्यकारिणी का पुनर्गठन भी किया गया। नई कार्यकारिणी में लोकेश पारीक को संरक्षक, रमेशचंद्र खारोल को अध्यक्ष, देवेन्द्र रेगर को उपाध्यक्ष, दयाराम को सचिव, पुखराज जाट को महासचिव, सूर्यप्रकाश खाती को कोषाध्यक्ष, मधुबाला लक्षकार को प्रवक्ता, प्रेमचंद मेहर को सलाहकार, अशोक अग्रवाल को जिला प्रतिनिधि, कविता राठौड़ को महिला अध्यक्ष, इन्द्रा कुमावत को महिला मंत्री तथा आशा मीणा को महिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने कर्मचारियों से एकजुट होकर आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान किया।

# आईसीएआई डब्ल्यूआईआरसी के अध्यक्ष बनने पर सीए सौरभ अजमेरा का भव्य अभिनंदन

## भोजरास में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने किया सम्मान, बड़ी संख्या में गणमान्यजन रहे मौजूद

**भीलवाड़ा फोकस @ आगूचा**

**(गोपाल )।** आईसीएआई की वेस्टर्न इंडिया रीजनल काउंसिल (WIRC) के अध्यक्ष बनने पर ग्राम भोजरास में सीए सौरभ अजमेरा का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक एवं धार्मिक संगठनों ने उनका सम्मान करते हुए इसे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताया।
स्वागत समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, माहेश्वरी समाज के संरक्षक बसंतीलाल काल्या, पूर्व चेयरमैन सुमित काल्या, सहकार भारती के प्रदेश महामंत्री सीए सुनील सोमानी, आईसीएआई भीलवाड़ा शाखा के अध्यक्ष दिनेश सुथार, उपाध्यक्ष सत्यनारायण लाठी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, चार्टर्ड अकाउंटेंट एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सीए सौरभ अजमेरा का आईसीएआई डब्ल्यूआईआरसी के अध्यक्ष पद पर चयन न केवल भोजरास और भीलवाड़ा बल्कि पूरे राजस्थान के लिए गर्व की बात है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संस्था नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी।
समारोह में भारत विकास परिषद, सहकार भारती, माहेश्वरी प्रोफेशनल फोरम, आईसीएआई भीलवाड़ा शाखा, माहेश्वरी समाज तहसील हुरड़ा, माहेश्वरी समाज हुरड़ा, रूपाहेली एवं भोजरास सहित विभिन्न संगठनों ने सीए सौरभ अजमेरा का माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर अभिनंदन किया। अंत में सौरभ अजमेरा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए समाज और व्यवसायिक क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य करने का विश्वास दिलाया।

# ओवरलोड खुले डंपरों से हाईवे पर उड़ रहे धूल-मिट्टी के गुबार

## नेशनल हाईवे-148डी पर राहगीरों और वाहन चालकों की बढ़ी परेशानी, कार्रवाई की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।**

नेशनल हाईवे-148डी पर इन दिनों ओवरलोड और खुले डंपरों से परिवहन की जा रही मिट्टी राहगीरों और वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। खुले डंपरों से उड़ने वाली धूल-मिट्टी के गुबार के कारण हाईवे पर दृश्यता प्रभावित हो रही है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है।
स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र से दिन-रात बड़ी संख्या में भुड्डा मिट्टी से भरे डंपर गुजरते हैं। अधिकांश डंपर खुले होने के साथ-साथ ओवरलोड भी होते हैं, जिसके चलते सड़क पर लगातार धूल उड़ती रहती है। इससे दोपहिया वाहन चालकों, राहगीरों और अन्य वाहनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।



ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार धूल के गुबार के कारण सड़क पर हादसे भी हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद संबंधित विभागों की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। स्थानीय पुलिस और खनिज विभाग की अनदेखी के चलते ओवरलोड एवं खुले डंपरों का संचालन लगातार जारी है।

# हरिवल्लभ खंडेलवाल लगातार दूसरी बार बने खांडल विप्र समाज गंगापुर के अध्यक्ष

## सर्वसम्मति से हुआ निर्विरोध निर्वाचन, नई कार्यकारिणी का भी गठन

**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।**

अखिल भारतीय खांडल विप्र समाज शाखा सभा के अध्यक्ष पद का चुनाव शांतिपूर्ण एवं सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। समाज के वरिष्ठजनों की मौजूदगी में हरिवल्लभ खंडेलवाल को लगातार दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया।
चुनाव प्रक्रिया जिला अध्यक्ष रामेश्वरलाल गोवला, मातृकुंडिया ट्रस्ट के अध्यक्ष पारसमल लडानिया एवं सभा अध्यक्ष राधेश्याम नवहाल के सानिध्य में संपन्न हुई। वरिष्ठ सदस्य नानालाल सेवदा ने अध्यक्ष पद के लिए हरिवल्लभ खंडेलवाल के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका उपस्थित समाजजनों ने सर्वसम्मति से समर्थन किया। अन्य कोई नामांकन नहीं आने पर निर्वाचन अधिकारी पारसमल लडानिया एवं चुनाव पर्यवेक्षक ओमप्रकाश लडानिया ने उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया।




नई कार्यकारिणी में मदनलाल सेवदा को उपाध्यक्ष, घनश्यामलाल रूंथला एवं गोपाललाल परवाल को संगठन मंत्री, गोरधनलाल नवहाल को कोषाध्यक्ष, राजेश कुमार सेवदा को प्रवक्ता तथा नितीन माटोलिया को प्रचार मंत्री बनाया गया। वहीं नानालाल सेवदा, देवेंद्र जोशी एवं यज्ञदत्त नवहाल को संरक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई।
निर्वाचन के बाद सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। अध्यक्ष हरिवल्लभ खंडेलवाल ने समाजजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष प्राथमिकता के साथ कार्य किए जाएंगे तथा समाज को और अधिक संगठित एवं सशक्त बनाने के प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठ एवं युवा सदस्य उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

# विधायक कोठारी के सतत प्रयासों से 100 फीट रोड निर्माण का मार्ग प्रशस्त

## नगरीय विकास विभाग ने भूमि के बदले भूमि देने की स्वीकृति जारी की

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



भीलवाड़ा शहर के बहुप्रतीक्षित एमटीएम से जोधड़ास चौराहा तक प्रस्तावित 100 फीट सड़क के चौड़ीकरण एवं निर्माण कार्य का मार्ग अब पूरी तरह प्रशस्त हो गया है। लंबे समय से पुलिस विभाग के स्वामित्व वाली भूमि (संतोषी माता मंदिर क्षेत्र) से संबंधित अनापत्ति एवं भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया लंबित रहने के कारण यह महत्वपूर्ण परियोजना अटकी हुई थी।
भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी के सतत प्रयासों और निरंतर अनुशंसा एवं राज्य सरकार के समक्ष प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप अब इस परियोजना को बड़ी प्रशासनिक मंजूरी मिल गई है। हाल ही में नगरीय विकास विभाग द्वारा जारी आदेश में मास्टर प्लान-2035 के अंतर्गत प्रस्तावित 100 फीट सड़क के मार्गाधिकार में आने वाली पुलिस लाइन की भूमि के बदले नगर विकास न्यास की राजस्व ग्राम मालोला स्थित समकक्ष भूमि पुलिस विभाग को उपलब्ध कराने की स्वीकृति प्रदान की गई है। इससे भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी होने का मार्ग साफ हो गया है।
इसके साथ ही गृह विभाग द्वारा पुलिस लाइन की लगभग 89,647 वर्गफीट भूमि पर सड़क निर्माण के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी कर संबंधित अधिकारियों को भूमि का कब्जा जिला प्रशासन को सौंपने के निर्देश भी दिए जा चुके हैं। दोनों विभागों की स्वीकृतियों के बाद अब सड़क निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होने की पूरी संभावना है।
विधायक अशोक कुमार कोठारी ने बताया कि मास्टर प्लान-2035 के अंतर्गत प्रस्तावित यह 100 फीट सड़क शहर की यातायात व्यवस्था को नया आयाम देगी। इसके निर्माण से पटरी पार क्षेत्र की अनेक कॉलोनियों में निवास करने वाले हजारों नागरिकों को वर्षों से चली आ रही आवागमन की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी तथा शहर के विभिन्न क्षेत्रों के बीच आवागमन अधिक सुगम और सुरक्षित होगा।
उन्होंने कहा कि यह केवल सड़क निर्माण परियोजना नहीं, बल्कि भीलवाड़ा के भविष्य के सुनियोजित विकास की महत्वपूर्ण कड़ी है। लंबे समय से लंबित इस मांग को पूरा कराने के लिए राज्य सरकार, गृह विभाग, नगरीय विकास विभाग तथा संबंधित अधिकारियों के साथ लगातार समन्वय किया गया, जिसका सकारात्मक परिणाम अब सामने आया है।
विधायक कोठारी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार की सकारात्मक सोच और प्रशासनिक सहयोग से शहर की इस महत्वपूर्ण परियोजना को गति मिली है। उन्होंने विश्वास जताया कि सड़क निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होकर निर्धारित समय में पूर्ण होगा, जिससे भीलवाड़ा के विकास को नई दिशा मिलेगी और यातायात व्यवस्था अधिक सुव्यवस्थित एवं सुगम बनेगी।

# उपभोक्ता कल्याण समिति की बैठक में पीरु सिंह गौड़ बने प्रदेश सह सचिव


**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



उपभोक्ता कल्याण समिति राजस्थान की बैठक गुरुवार को समिति के प्रधान कार्यालय में प्रदेशाध्यक्ष अशोक जैन एवं प्रदेश महामंत्री जितेंद्र कुमार मारू की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठन विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए अधिवक्ता पीरु सिंह गौड़ को प्रदेश सह सचिव मनोनीत किया गया।
प्रदेशाध्यक्ष अशोक जैन एवं प्रदेश महामंत्री जितेंद्र कुमार मारू ने समिति के विधान में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह नियुक्ति की। मनोनयन के बाद समिति के पदाधिकारियों ने पीरु सिंह गौड़ का माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया तथा उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।
बैठक में युवा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष अनिल पारीक, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यप्रकाश सरगरा, प्रदेश महिला अध्यक्ष संगीता अग्रवाल, युवा महिला प्रदेशाध्यक्ष निशा कंवर गौड़ सहित समिति के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सबलाजी का खेड़ा में आकाशीय बिजली गिरने से विद्युत उपकरण जले, पानी की टंकी क्षतिग्रस्त

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**





**( सांवर वैष्णव ):-** सवाईपुर क्षेत्र के आसपास के गांवों में गुरुवार अल सुबह हुई बारिश के दौरान क्षेत्र के सबलाजी का खेड़ा गांव में एक मकान की छत पर आकाशीय बिजली गिर गई, इसे विद्युत उपकरण जल गए और पानी की टंकी क्षतिग्रस्त हो गई । ग्रामीण नरेंद्र सिंह ने बताया कि सबलाजी का खेड़ा गांव में सोहनलाल दरोगा के मकान पर अल सुबह करीब चार बजे बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरी, आकाशीय बिजली गिरने से छत पर बनी पानी की टंकी क्षतिग्रस्त हो गई, टंकी के दो हिस्से हो गए, वही घर में लगे विद्युत उपकरण और वायरिंग जल गए, इसकी चपेट में आने से छत के चार पंखे व एक फ्रीज जल गये, वही मकान में कई जगहों पर दरारें आ गई, इससे सोहनलाल को काफी नुकसान हुआ । गनिमत रही की इसमें कोई जनहानि नहीं हुई ।।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।